# सत्र - 2019-20

85

## सत्र 2019-20 की प्रथम बैठक

15 oct 2019
दिनांक:

बैठक मे प्रस्तुत की गई रिपोर्ट -

1(a) प्रदेश स्तर पर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ द्वारा दिए गए 1000 पौधो के रोपण का लक्ष्य माननीय प्राचार्य महोदया के अति-उत्साहित प्रयत्नों से NSS, NCC, Rangers, B.Ed व समस्त विभागों ने लक्ष्य से कहीं ऊपर वृक्षारोपण कर इस कार्यक्रम को सफल बनाया। वृक्षारोपण महा० परिसर, महा० के आस-पास का क्षेत्र, माधवपुरम, सरस्वती लोक कॉलोनी व मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग विभाग में किया गया, साथ ही समस्त रोपित पौधों की समयवार आख्या बी०एड० विभागाध्यक्ष व प्राचार्या महोदया को प्रेषित की जाती है।

1(b) SSG 2019 के सर्वेक्षण में महा० की पचास प्रतिशत से अधिक छात्राओं ने Online प्रविष्टि दी।

2) समस्त विभागों की परिषदों का सत्र के आरंभ मे ही गठन कर दिया गया -

a) हिन्दी विभाग ने हिन्दी पखवाड़ा में स्लोगन, भाषण, आशु-भाषण, पहेली, प्रश्नोत्तरी व कहानी लेखन प्रतियोगिताएं करवाई गई।

b) शा॰ शि॰ विभाग मे 27 Nov, 2018 को अन्तर्महाविद्यालयीय योगा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें कु॰ निशु वि॰वि॰, मेरठ की टीम में चयनित हुई।

11 Nov 2019 को जूडो (अन्तर्महाविद्यालयीय) प्रतियोगिता प्रस्तावित है।

All India Inter Univ. Baseball Competition, Calicut Univ में कु॰ रीना व रीमा प्रतिभाग किया ~~करने गई~~

North Zone Inter Univ, Cricket Tournament, MD University, रोहतक में कु॰ रीना ने अपने खेल का अच्छा प्रदर्शन किया।

विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

c) रसायन विज्ञान विभाग मे Quiz प्रतियोगिता करवा

d) कॉमर्स विभाग में एक दिवसीय सेमिनार करवाया गया।

e) संगीत विभाग ने मानव सेवा कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति दी तथा 30 sept को लता मंगेशकर के गीतों की प्रतियोगिता ~~सम्पन्न करवाई~~ का आयोजन करवाया।

f) गृह-विज्ञान विभाग ने स्वरचित स्लोगन, फाइल-कवर डेकोरेशन व 'पोषण चौपाल' का आयोजन किया जिसमे व्यंजन प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटिका व पोषण नृत्य की प्रस्तुति दी गई

g) समाजशास्त्र विभाग द्वारा यूजीसी NET की तैयारी हेतु कार्यशाला हुई व नई तालीम पर वृहद रैली का आयोजन किया गया।

h) B.Ed विभाग द्वारा 'स्वच्छता-स्वास्थ्य' व 'स्वच्छता-सौन्दर्यीकरण' जागरूकता रैली व आशु-भाषण प्रतियोगिता करवाई गई।

i) जन्तु-विज्ञान विभाग में Mentor कु॰ अंकिता गुप्ता द्वारा अध्यापन कार्य करवाया गया।

**3** महा॰ की NCC, NSS, RANGERS इत्यादि UNITS के अंतर्गत सामाजिक उपयोगिता से सम्बन्धित विविध विषयों पर अनेकानेक कार्यक्रम करवाए गए -

a) Rangers Unit ने पर्यावरण, जल व गौरैया संरक्षण सप्ताह के तहत स्लोगन, पोस्टर, निबंध लेखन, रैलियाँ व Nest Making, Bird feeder अनुपयोगी वस्तुओं से बनवाने की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

b) NCC Unit के अंतर्गत विश्व-जनसंख्या, कारगिल दिवस, बालिका सुरक्षा + स्वच्छता अभियान जागरूकता रैलियाँ निकालकर व प्रतियोगिताएँ करवाते हुए मनाए गए।

c) परिवहन समिति द्वारा पिरामिड सोसायटी और रोड सेफ्टी क्लब द्वारा यातायात जागरूकता पर एक कार्यशाला का आयोजन हुआ।

d) NSS Units ने वृक्षारोपण अभियान की सफलता में अच्छा योगदान दिया।

e) महिला प्रकोष्ठ ने मेहन्दी प्रतियोगिता, तीज-क्वीन, राखी बनाओ, आशु-भाषण प्रतियोगिताएँ व बालिका सुरक्षा अभियान का आयोजन किया।

f) B.Ed विभाग ने वृक्षारोपण अभियान में योगदान देते हुए छात्राओं को समय-समय पर वृक्षों की

वर्तमान स्थिति की आख्या विभागाध्यक्ष व प्राचार्य को प्रेषित करना सुनिश्चित किया।

**(4). छात्राओं की उपलब्धियाँ –** (सम्मान एवं रोजगार)

a) शा० शि० विभाग की कु० रीमा को दीक्षांत समारोह मे गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया

b) रसायन विज्ञान से रश्मि राघव, गणित से संजलि, भौतिक विज्ञान से नेहा दुबे व अंग्रेजी विभाग से नेहा ने NET की परीक्षा उत्तीर्ण की

c) राज० विज्ञान की कु० कविता ने वि० चतुर्थ. व कु० उज्जवला शर्मा वनस्पति विज्ञान की उज्जवला शर्मा ने वि० वि० स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया।

d) जन्तु विज्ञान की स्वाति शर्मा ने आगरा वि० वि० से Ph.D Entrance Qualify किया।

e) वनस्पति विभाग की शिवानी चौधरी, जन्तु विज्ञान की श्वेता कसाना व मोनिका सिंह तथा कॉमर्स विभाग की कु० अंकिता भारद्वाज का Assistant Teacher के पद पर चयन हो गया।

f) इतिहास विभाग से रजनी व भारती का पुलिस सर्विस मे चयन हुआ व कु० रीना को 15 Oct को उच्चतर शिक्षा सेवा आयोग मे साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना है।

g) शा० शि० विभाग की कु० Preeti पुलिस सर्विस मे भर्ती हुई व शिवानी आर्या ने स्वरोजगार के अंतर्गत स्वयं का GYM खोला जो एक युवा छात्रा द्वारा अति सराहनीय कार्य कदम है।

5) a) महा० में शोध के क्षेत्र में सराहनीय योगदान किया जा रहा है जो कि इस तथ्य से उजागर होता है कि समस्त प्राध्यापकों को मिलाकर पचास से अधिक शोधार्थी शोध विभिन्न शोध-विषयों में शोधरत हैं जिनमें से लगभग पन्द्रह NET qualified हैं।

b) इस सत्र के आरंभ से अद्यतन प्राध्यापकों द्वारा 4-5 शोध पत्र व 4-5 बुक चैप्टर प्रकाशित करवाये जा चुके हैं।

c) 15 से अधिक शोध पत्र व 5 से अधिक बुक चैप्टर कम्यूनिकेटेड भी हैं।

d) 3 प्राध्यापकों द्वारा सात-दिवसीय वर्कशॉप की जा चुकी है।

e) इसी सत्र में 4-5 प्राध्यापक RC व OC हेतु भी जाएंगे।

f) प्राध्यापकों द्वारा 02 पुस्तकें प्रकाशित करवायी जा चुकी हैं। 02 कम्यूनिकेटेड भी हैं।

6. समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ० लता जो कि NCC अधिकारी भी हैं तथा डॉ० स्वर्णलता, हिन्दी विभाग को कई सम्मानों से सम्मानित किया गया है।

7. *

8. महा० का सौभाग्य है कि हमारी प्राचार्य महोदया डॉ० संध्या रानी को अवार्ड से नवाजा गया है। उनका यह मानना कि पौधे ही हैं जिनके माध्यम से हम सौंसें अर्जित कर सकते हैं; अपने ही लिए नहीं

वरन् आने वाली पीढ़ी के लिए भी, इस सकारात्मक सोच के कारण ही महा० व आस-पास का हरा-भरा होना व प्राकृतिक संदर्भ में खूबसूरत होना सुनिश्चित हो पाया है।
ऐसी पर्यावरण व मानवता प्रेमी प्राचार्य का होना इस महा० व महा० के समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों व छात्राओं के लिए सौभाग्य का विषय है।

इन तथ्यों के अतिरिक्त गौरव की बात है कि महा० की प्राचार्य डॉ० संध्या रानी जी व वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० ममता सागर जी ने दो-दो छात्राओं को adopt कर उनके मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने का बीड़ा उठाया है।

बाह्य सदस्य

1. डॉ वीर पाल सिंह, ~~[illegible]~~ प्रोफेसर - भौतिक विज्ञान व चीफ प्रॉक्टर, सी० सी० एस० वि० वि०, मेरठ

(signature) 3/1/2019.

2. श्री कुलदीप शर्मा, चेयरमैन, रॉयल रबड़ इण्डिया, मेरठ व सामाजिक कार्यकर्ता

Royal Rubber Ind. Meerut. (signature)

3. श्री अरविन्द गुप्ता, चेयरमैन, मारवाड़ी भोज भोजनालय, मेरठ महानगर, अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ मेरठ महानगर

4. श्री प्रितीश कु० सिंह, पूर्व-अध्यक्ष, रोटरी क्लब मेरठ स्टार्स, मेरठ & मैनेजिंग डायरेक्टर, मैनेजिंग कमेटी, सैण्ट ज़ेवियर्स किसान इण्टर कॉलेज, गोटका & चेयरमैन, सैण्ट ज़ेवियर्स इण्टर कॉलेज, सरधना

5. श्री मोहित जैन, चेयरमैन, नगीन प्रकाशन, मेरठ

6. श्री राजीव कु० गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ

7. डॉ० सुमित उपाध्याय, ENT स्पेशलिस्ट, मेरठ

आन्तरिक सदस्य

1. डॉ दिनेश चन्द्र (संयोजक)
2. डॉ एस.पी.एस. राणा (सह-संयोजक प्रथम)
3. डॉ ममता सागर
4. डॉ गीता चौधरी
5. डॉ उषा साहनी (सह-संयोजक, द्वितीय)
6. डॉ राकेश दल
7. डॉ वैभव शर्मा
8. डॉ. पारुल मलिक

अभिभावक

1. श्री प्रदीप वार्ष्णेय, प्रवक्ता, पॉली टेक्नीक [signature] 15-10-17

2. श्रीमती गंगावती (गृहिणी) गंगावती

पुरातन छात्राएँ

1) कु० कविता (राजनीति विज्ञान) Kavita
2) कु० निधि Nidhi

वर्तमान छात्राएँ

1. पारुल BA I Parul Rani
2. अंकिता गुप्ता B.Sc. II Ankita.
3. लाइबा B.Sc. III. Laiba
4 निशि वर्मा B.Sc. III. Nishi Verma.

बैठक की कार्यवाही
1. [struck through]

## ⇒ बैठक की कार्यवाही -

1. बैठक में उपस्थित बाह्य सदस्यों में से डॉ वीर पाल सिंह जी ने National & International Invited lectures cell के Director होने के रूप में महा० को व्याख्यान कराने हेतु विशेषज्ञों को आमंत्रित करने में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।
इसके अतिरिक्त, विभिन्न संस्थाओं से जुड़कर उनकी services के द्वारा छात्राओं को लाभान्वित करने के उद्देश्य से M.O.U करवाने में सहयोग का आश्वासन दिया।
साथ ही PTM का सुझाव दिया गया जो कि हमारे महा० में नियमित रूप से आयोजित की जाती है।

2. श्री कुलदीप शर्मा जी ने छात्राओं को Industrial Visit के लिए आमंत्रित किया।

3. श्री प्रितेश जी ने महा० में व्याख्यान हेतु आमंत्रित किये जाने वाले विषय-विशेषज्ञों एवं आयोजन हेतु वित्तीय सहायता के लिए आश्वस्त किया।

4. वर्तमान छात्राओं में से एक छात्रा ने कैण्टीन/जल संचालित करने हेतु मांग रखी।

5. पुरातन छात्राओं को महा० की प्रगति एवं विकास देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। छात्राओं ने अपने विषय के प्राध्यापकों के द्वारा की किए गए उनके मार्गदर्शन की भी प्रशंसा की व स्वयं को भाग्यशाली बताया कि वे इस महा० की छात्राएँ हैं।

6. अभिभावक के रूप में पधारे श्री वार्ष्णेय जी ने महा० के आस-पास सफाई एवं सुरक्षा संबंधी कदम उठाने की माँग की।

7. महा० की प्राचार्य ने IQAC की अध्यक्षता करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं शैक्षिक गुणवत्ता हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। साथ ही महा० की प्रगति एवं विकास हेतु बैठक में आए सुझावों को दृष्टिगत रखते हुए सम्बन्धित समितियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया।

* इसके अतिरिक्त प्राचार्य महोदया ने समस्त प्राध्यापकों को सामाजिक कार्यों को प्राथमिकता पर रखने का सुझाव दिया एवं PG छात्राओं के लिए NET/SLET इत्यादि परीक्षाओं में भी प्राध्यापकों से सहयोग करने प्रदान करने की अपेक्षा की जो कि

कुछ प्राध्यापकों द्वारा सहर्ष स्वीकार कर ली गई तथा प्राध्यापकों द्वारा तुरंत ही सूचित भी किया गया कि वे इन तथ्यों पर पूर्व से ही कार्यरत भी हैं।

(IQAC समन्वयक) प्राचार्य

आई० क्यू० ए०सी० : द्वितीय बैठक, दिनांक 5-2-20

## बैठक में प्रस्तुत रिपोर्ट :

आज दिनांक 5-2-2020 को IQAC की द्वितीय बैठक आहूत की गई, जिसमें महाविद्यालय की शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर गतिविधियों की विस्तृत आख्या (दिनांक 1-10-19 से 31-1-20 तक) प्रस्तुत की गई जो निम्नवत है-

① दिनांक 2-10-2019 को गाँधी जयन्ती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महात्मा गाँधी के विचारों के प्रचार-प्रसार हेतु एक भाषण प्रतियोगिता (नई तालीम में गाँधीजी के विचारों की प्रासंगिकता) का आयोजन किया गया। 'स्वदेशी अपनाओ' सम्बन्धी विचारों की महत्ता हेतु रेन्जर्स, बी० एड०, एन० सी० सी० एवं एन० एस० एस के सम्मिलित तत्वावधान में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने स्वदेशी एवं स्वनिर्मित वस्तुओं, खाद्य वस्तुओं इत्यादि के स्टॉल लगाकर उत्साहपूर्वक प्रतिभागिता की। एन० सी० सी० कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से 'सत्य, अहिंसा और प्रेम' का सन्देश दिया।

② दिनांक 16-10-2019 से 22-10-2019 तक ✓ पी० जी० सेमेस्टर I & III की प्रथम आन्तरिक परीक्षाएं कराई गई एवं दिनांक 15-11-2019 से 19-11-2019 तक द्वितीय आन्तरिक परीक्षाएं संचालित की गई।

③ दिनांक 24-10-2019 को राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' (UNO-DAY) के अवसर पर एक निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

④ दिनांक 31-10-2019 को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के अवसर पर हिन्दी विभाग की ओर से 'राष्ट्रीय एकता शपथ' एवं एकता दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अंग्रेजी विभाग की ओर से 'राष्ट्रीय एकता' विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

7.1.4
⑤ दिनांक 14-11-2019 को महाविद्यालय में अन्तर्महाविद्यालीय जूडो प्रतियोगिता का शारीरिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में सफलतापूर्वक आयोजन किया गया जिसमें महिला एवं पुरुष वर्ग की 28 टीमों ने प्रतिभागिता की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एम० एम० पी० जी० कॉलेज, मोदीनगर के प्राचार्य डा० आर० सी० लाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

7.1.4
⑥ दिनांक 5-11-2019 को प्रसार व्याख्यान माला के तत्वावधान में 'पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भूमिका' विषय पर एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें डा० विजयपाल बघेल, अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त पर्यावरणविद् ने उक्त विषय के सम्बन्ध में अपने विचार प्रस्तुत करते हुए बढ़ते हुए दम घोंटू वायु प्रदूषण के कारणों एवं समाधान पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि दीवाली पर पटाखे पहले भी चलते रहे हैं और किसान पहले भी पराली जलाता

रहा है, वास्तव में दिल्ली एवं NCR में घटते वायु गुणवत्ता स्तर का कारण अरावली पहाड़ियों का खनन एवं बेहिसाब पेड़ो का काटा जाना है।

7. दिनांक 8-11-2019 को 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' के
7.1.6 उपलक्ष्य में बी० एड० विभाग के तत्वावधान में विभिन्न वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के माध्यम से शिक्षा सम्बन्धी विभिन्न मुद्दो पर चर्चा की गयी।

8. दिनांक 20-11-19 को महाविद्यालय के रोजगार प्रकोष्ठ
7.1.4. एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक रोजगार मेले का आयोजन किया गया। साक्षात्कार से पहले छात्राओं को विषय-विशेषज्ञों द्वारा साक्षात्कार के सम्बन्ध मे जानकारी प्रदान की गई। मेले में एन आई आई टी, पुखराज हैल्थ केयर एवं बजाज एलियांज सहित 10 कम्पनियाँ आईं। 300 छात्राओं ने सेवायोजन पोर्टल पर पंजीयन कराया। एवं 129 छात्राओं का चयन साक्षात्कार के लिए हुआ।

9. दिनांक 22-11-2019 को डी० ए० वी० महाविद्यालय मे आयोजित वाद-विवाद-प्रतियोगिता "अनुच्छेद 370 हटाना भारत की समानता के लिये जरूरी कदम है" विषय पर कु० आकांक्षा भरद्वाज एम० ए० III सेमे० शारीरिक शिक्षा विभाग एवं शोभा यादव B.Sc.
7.1.4. ने प्रतिभाग कर महाविद्यालय को सुशोभित किया।

10. दिनांक 22-11-2019 को ब्रासीलिया घोषणा के अन्तर्गत सड़क दुर्घटनाओं में 2020 तक त्वरित

कमी लाने हेतु 'यातायात जागरूकता कार्यक्रम' के अन्तर्गत भाषण-प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

7.1.61

11. दिनांक 23-11-2019 को डा० लता कुमार के निर्देशन में एन० सी० सी० दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य डा० संध्या रानी एवं विदुषी भारद्वाज, पूर्व प्राचार्य आर० बी०डी० कालेज बिजनौर ने किया। 'सामाजिक उत्तरदायित्व' विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता एवं सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कैडेट्स ने समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा के सारगर्भित सन्देश प्रस्तुत किये।

7.1.9.

12. दिनांक 19-11-2019 से 25-11-2019 तक एन० एस० एस० के तत्वावधान में 'कौमी एकता सप्ताह' का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत स्लोगन-प्रति० भाषण प्रति०, सांस्कृतिक प्रति० एवं पोस्टर प्रति० का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से 'कौमी एकता' सम्बन्धी विचारों को अंगीकार करने का सन्देश दिया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डा० स्वर्णलता द्वारा किया गया।

7.1.1

13. दिनांक 25-11-2019 को 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस' के अवसर पर समाजशास्त्र विभाग एवं महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में 'महिला सुरक्षा' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बेटी फाउन्डेशन की

अध्यक्षा श्रीमति अंजू पाण्डेय ने छात्राओं को हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाने, हिंसा उन्मूलन में परिवार की भूमिका इत्यादि महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। कार्यशाला में 'महिला सुरक्षा' विषय पर एक पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

14. दिनांक 26-11-2019 को 'संविधान दिवस' के अवसर पर शपथ समारोह का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं, प्राध्यापकगणों एवं कर्मचारियों ने संविधान शपथ ली। प्राचार्य ने छात्राओं को संविधान में वर्णित अधिकारों, कर्त्तव्यों एवं अन्य प्रावधानों के प्रति जागरूक रहने एवं संविधानानुसार व्यवहार व्यवहार करने हेतु प्रेरित किया।
इसी श्रृंखला में दिनांक 27-11-2019 को राजनीति विज्ञान विभाग के सौजन्य से संविधान की प्रति को छात्राओं एवं प्राध्यापकगणों के अवलोकनार्थ रखा गया।

7.1.4.
15. दिनांक 26-11-2019 को महाविद्यालय की रेंजर्स इकाई एवं एन० एस० एस० के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (CMO) के सौजन्य से स्वास्थ्य परीक्षण कैम्प के अन्तर्गत छात्राओं के ब्लड ग्रुप एवं हीमोग्लोबिन परीक्षण कराया गया उक्त सम्बन्ध में विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

16. दिनांक 27-11-2019 को अध्यापक-अभिभावक संघ सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें अभिभावकों एवं प्राध्यापकों ने महाविद्यालय

विकास एवं शिक्षा, शिक्षण सम्बन्धी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

17. 7.1.4 दिनांक 27-11-2019 को 'सोशल फाउंडेशन' एन० जी० ओ० द्वारा आयोजित निबन्ध प्रति० समान्य ज्ञान प्रति० एवं 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान रैली में प्रतिभागी एवं विजेत छात्राओं को पुरस्कृत किया।

18. 7.1.4 दिनांक 30-11-2019 को महाविद्यालय में शिक्षण, शोध और शिक्षणेत्तर कार्य-कलापों में नवोन्मेष और समस्याओं के निवारण हेतु स्थापित मंच 'मंथन' की प्रथम बैठक का आयोजन प्राचार्य डा० संध्या रानी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्राध्यापकों ने सारगर्भित विचार एवं सुझाव रखे, जिनमें प्रमुखतः छात्राओं का सन्दर्भ पुस्तकों के प्रति रुझान कैसे बढ़ाया जाए, शोधार्थियों की महाविद्यालय के शिक्षण एवं अन्य गतिविधियों में प्रतिभागिता निश्चित करने, यू०जी० स्तर पर भी छात्राओं का आन्तरिक मूल्यांकन हेतु सभी विभागों द्वारा एक समान प्रणाली अपनाये जाने, शोधार्थियों एवं पी० जी० छात्राओं हेतु 'शोध-प्रविधि' विषय पर कार्यशाला का आयोजन, शोधक्षेत्र में साहित्य चोरी (प्लेगियारिज्म) नियंत्रण और जाँच प्रणाली उपलब्ध कराने सम्बन्धी इत्यादि महत्वपूर्ण सुझाव रखे। इस सम्बन्ध में कुछ सुझावों पर क्रियान्वयन हो रहा है यू० जी० स्तर पर छात्राओं की आन्तरिक परीक्षा का आयोजन दिसम्बर माह में किया गया।

19. दिनाँक 1-12-2019 को माननीय विधायक डा० सोमेन्द्र कुमार तोमर के कर कमलों द्वारा महाविद्यालय की पत्रिका जागृति का विमोचन हुआ। पत्रिका में प्राचार्य के निर्देशन एवं डा० स्वर्णलता कदम के संपादन में पत्रिका में महाविद्यालय की विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का सार्थक संकलन किया गया है।

20 नवम्बर एवं दिसम्बर माह में सभी संकायों के विभागों में विभागीय परिषद के अन्तर्गत निबन्ध भाषण, वाद-विवाद, पोस्टर इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्ण प्रतिभागिता की।

21 दिसम्बर माह में महाविद्यालय में सेमेस्टर परीक्षा (बाह्य) कराई गई।

22. दिनाँक 7-12-2019 को हिन्दी विभाग द्वारा संविधान की 70 वी वर्षगांठ के अवसर पर चल रहे राष्ट्रव्यापि जन-जागरूकता अभियान के अन्तर्गत छात्राओं को प्रस्तावना में निहित शब्दों का अर्थ बताने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में 10 दिसम्बर को जन्तु विभाग द्वारा "वन्य जीव एवं उनका संरक्षण" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

7.1.7

23 दिनाँक 10-12-2019 को 'अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस' के अवसर समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में

7.1.1 7.1.5 7.1.1

शपथ ग्रहण, पोस्टर प्रतियोगिता एवं 'महिलाओं के विरुद्ध हिंसा एवं मानवाधिकार' विषय पर अतिथि व्याख्यान एवं सामूहिक चर्चा का आयोजन किया गया।

24. दिनांक 13-10-2019 को एन० सी० सी० द्वारा संचालित स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत 'प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। ✓ 7.1.1

25. दिनांक 16-10-2019 को प्रसार व्याख्यान माला के तत्वावधान में 'महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता' विषय पर प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डा० मोनिका सैनी (स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने छात्राओं को स्वास्थ्य सम्बन्धी महत्वपूर्ण जानकारी दी। ✓ 7.1.1

26. दिनांक 19-12-2019 को बी० एड० विभाग में बेसिक गाइड ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारम्भ हुआ। ✓

27. महाविद्यालय की एन० एस० एस० की प्रथम इकाई के प्रथम शिविर का आयोजन दिनांक 07-12-2019, द्वितीय शिविर का 14-12-2019, दिनांक-19-12-2019 को तृतीय एवं को चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविरों में छात्राओं ने स्वच्छता सम्बन्धी अभियान चलाए, वृक्षारोपण किए एवं छात्राओं को सामुदायिक उत्तरदायित्वों के प्रति संवेदनशीलता के उद्देश्य सहारनपुर स्थित 'अपना घर' वृद्धाश्रम ले जाया गया। 7.1.4

दिनांक 10-1-2020 से 17-1-2020 तक सप्त दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम लिसाड़ी स्थित देवी अहिल्याबाई इण्टर कॉलेज में किया गया।

शिविर संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ० स्वर्णलता कदम के निर्देशन में हुआ।

28 महाविद्यालय की द्वितीय इकाई के चार एक दिवसीय शिविरों का आयोजन क्रमशः दिनांक 14-11-2019, 26-11-2019, 21-1-2020 एवं 25-1-2020 को हुआ। सप्त-दिवसीय विशेष शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ० मन्जूरानी के नेतृत्व में दिनांक 9-1-2020 से 15-1-2020 तक बर-नगर स्थित राष्ट्रीय इण्टर कॉलेज में किया गया।

29. महाविद्यालय में दिनांक 11-1-2020 से 18-1-2020 तक विवेकानन्द जयंती के उपलक्ष्य में युवा-महोत्सव का आयोजन किया जिसके अन्तर्गत विभिन्न विभागों द्वारा ग्रीटिंग कार्ड प्रति०, रंगोली-प्रति०, क्राफ्ट प्रति० देशभक्ति गीत प्रति०, अर्द्ध-शास्त्रीय नृत्य प्रति०, पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

30 दिनांक 10-01-2020 को 'पढ़े मेरठ बढ़े मेरठ' अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय में समस्त छात्राओं एवं प्राध्यापकगणों ने अपनी पसंदीदा पुस्तक पढ़ी।

31 A * सरकार के 'गंगा संरक्षण' अभियान के अन्तर्गत गंगा यात्रा के आयोजन के सन्दर्भ में जन-जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रमों - भाषण प्रति०, व्याख्यान माला, नारा लेखन प्रति०, पोस्टर प्रति०, लघु-नाटक प्रति० एवं पेंटिंग इत्यादि का आयोजन किया गया। चित्रकला विभाग की ओर से महाविद्यालय की दीवारों पर 'गंगा बचाओ' विषय पर सुन्दर

पेंटिंग बनाई गई है। इसी श्रृंखला में आनलाइन व्याख्यान के अन्तर्गत डॉ० के० के० शर्मा, एम० एम० कॉलेज मोदीनगर, इतिहास विभाग ने गंगा के ऐतिहासिक सन्दर्भों का उल्लेख करते हुए उसके संरक्षण के प्रयासों पर चर्चा की।
एन० सी० सी० के तत्वावधान में 'गंगा बचाओ' विषय पर झाँकी दिनाँक 26-1-2020 को भैंसाली मैदान में प्रस्तुत की गई। जिसे प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

*

32 दिनाँक 24-1-2020 से 26-1-2020 तक रेन्जर्स इकाई के त्रिदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रेन्जर (प्रो०) पूनम चौधरी एवं रेन्जर्स प्रभारी डॉ० अनुजा गर्ग के नेतृत्व में हुआ।

33 दिनाँक 25-1-2020 को अकादमिक उन्नयन एवं वैचारिक विमर्श मंच 'मंथन' की द्वितीय बैठक का आयोजन किया गया जिसका विषय 'महाविद्यालय में शिक्षकों एवं शोधार्थियों की शोध सम्बन्धी समस्या एवं निराकरण' था। बैठक में विभिन्न विभागों में पंजीकृत शोधार्थियों ने अपना संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत करते हुए अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखे। साथ ही उन्होंने पाठ्यक्रम सम्बन्धी कक्षाएं लेने एवं NET की तैयारी कराने हेतु अपनी इच्छा जाग्रत की।

31 प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना निर्मल गंगा के प्रयोजनार्थ गंगा यात्रा बालेया से कानपुर के सफल संचालन हेतु निदेशक, उच्च शिक्षा, उ०प्र० द्वारा प्राचार्य प्रो० (डॉ०) संध्या रानी को जनपद स्तर पर नोडल अधिकारी मेरठ नामित किया गया है। प्राचार्य द्वारा जनपद के समस्त महाविद्यालयों के बीच समन्वय स्थापित कर हस्तिनापुर में आयोजित 'गंगा पूजन' को सफल बनाने में [illegible] योगदान दिया जिसकी प्रशासन द्वारा प्रशंसा की गई।

34. छात्राओं के सभी अकादमिक अंकपत्रों एवं प्रमाण-पत्रों को डिजिटल तथा सुरक्षित रखने हेतु NAD (राष्ट्रीय अकादमिक डिपोजिटरी) पर अपलोड करने हेतु NAD-ID बनाने हेतु छात्राओं के फॉर्म संकलित कर विश्वविद्यालय को विवरण अग्रसारित कर दिया गया है। अब तक लगभग छात्राओं ने पंजीकरण करा लिया है।

35. महाविद्यालय में सरकार की महत्वपूर्ण योजना के अन्तर्गत सभी प्राध्यापकगणों एवं कर्मचारीगणों का मानव सम्पदा पोर्टल पर पंजीकृत कर दिया गया है एवं सेवा पुस्तिका सम्बन्धी विवरण अंकित करने की प्रक्रिया काफी तेजी से चल रही है।

36. लाइब्रेरी ऑटोमेशन का कार्य भी प्रगति पर है।

37. MHRD की योजना 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' आयोजन के अन्तर्गत EBSB Club का गठन किया गया। 28-1-2020 को EBSB दिवस मनाया गया जिसके अन्तर्गत छात्राओं ने पोस्टर, निबन्ध, भाषण, नृत्य, नाटक एवं शपथ का आयोजन किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश के साथ जोड़े गये राज्यों मेघालय एवं अरुणाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन किया गया।

## छात्राओं की उपलब्धियाँ :

(A) इतिहास विभाग की पुरातन छात्रा कु० रीना का उच्चतर शिक्षा आयोग से असि० प्रोफेसर के पद पर चयन हो गया है।

(B) शारीरिक शिक्षा विभाग की छात्रा सुमन भारद्वाज एम० ए० IV सेमे० का उ० प्र० पुलिस में चयन हो गया है।

(C) RAM इन्फेंट्री डिवीजन मेरठ द्वारा 5 किमी की मिनी मैराथन दिनांक 19-1-2019 को कु० शिवानी शर्मा, कैडेट्स ने प्रतिभाग किया और प्रथम दस विजेताओं में शामिल रहीं।

(D) गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर-प्रशासन द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत झाँकी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, मार्च पास्ट में द्वितीय स्थान और देशभक्ति नृत्य-प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सिटी मजिस्ट्रेट श्री अंकुर श्रीवास्तव द्वारा महाविद्यालय को पुरस्कृत भी किया गया।

(E)

शिक्षकों की उपलब्धियाँ :-

1. महाविद्यालय में 20 शोधार्थी विभिन्न विषयों के शोध-निर्देशकों के निर्देशन में शोध कर रहे हैं।

2. अक्टूबर 2019 से जनवरी 2020 तक महाविद्यालय के लगभग 17 शिक्षकों ने ओरियन्टेशन, रिफ्रेशर एवं कार्यशालाओं एवं सेमिनारों में प्रतिभागिता की,

3. इसी समयान्तराल में डा० पूनम भंडारी, डा० राधा रानी एवं डा० रोशन लाल की विषय-सम्बन्धित पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। इसके अतिरिक्त प्राध्यापकों द्वारा राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय जर्नल्स में कई शोधपत्र एवं लेख प्रकाशित हुए हैं।

4. दिनांक 19-1-2020 को 'प्रकृति फाउंडेशन संस्था' द्वारा डा० ममता सागर एवं डा० स्वर्णलता कदम को शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्यों के लिए 'ग्रेट पर्सनैलिटी अवार्ड' द्वारा सम्मानित किया गया। डा० ममता सागर को 'समकालीन महिला साहित्य मंच' द्वारा शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में कार्य हेतु सरस्वती सम्मान प्रदान किया गया। डा० लता कुमार को एम० एल० फिल्म प्रोडक्शन द्वारा 'प्राइड ऑफ सिटी अवार्ड, 2019, एवं Aesthetics International Group द्वारा ग्लोबल एडुकेशन अवार्ड-2019 से सम्मानित किया गया

5. इसके अतिरिक्त महाविद्यालय शिक्षकों के द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में सराहनीय

कार्य किये जा रहे हैं। डॉ० ममता सकार, डॉ० स्वर्णलता शिरडी साईं बाबा NGO के गरीब बच्चों (8) के आजीवन पूर्ण खर्च की जिम्मेदारी का निर्वहन कर रही हैं। डॉ० भारती दीक्षित द्वारा Save the children एन० जी० ओ० को सामाजिक उत्तरदायित्व क्षेत्र में मासिक donate करती हैं। इसके अतिरिक्त डॉ० रंजन, डॉ० आर० सी० सिंह, डॉ० अनुजा गर्ग इत्यादि सामुदायिक निर्वहन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं।

6. डॉ० सुधारानी ~~शर्मा~~ सिंह ने अटल बिहारी बाजपेयी हिन्दी विश्व०, भोपाल में हिन्दी विषय के पाठ्यक्रम निर्धारण हेतु कार्यशाला में Resource Person के रूप में प्रतिभागिता की।

बाह्य सदस्य

1. डॉ० बीर पाल सिंह, प्रो० - भौतिक विज्ञान चीफ प्रोक्टर, सी० सी० एस० यू० मेरठ

05/02/2020

2. श्री कुलदीप शर्मा, चेयरमैन - रॉयल रबड़ इण्डिया, मेरठ एवं सामाजिक कार्यकर्ता

05/2/2020

3. श्री प्रितीश कुमार सिंह, पूर्व-अध्यक्ष-रोटरी क्लब, मेरठ, मैनेजिंग डायरेक्टर ऑफ मैनेजिंग कमेटी, किसान इण्टर कॉलेज, गोटका

4. श्री मोहित जैन, चेयर मैन-नगीन प्रकाशन, मेरठ

5. डॉ० राजीव कुमार गुप्ता, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ

6. डॉ० सुमित उपाध्याय, ई० एम० टी० स्पेशलिस्ट

आन्तरिक सदस्य:

(1) प्रो० (डॉ०) संध्या रानी, प्राचार्य (अध्यक्ष)
(2) डॉ० दिनेश चन्द्र (संयोजक)
(3) डॉ० एस० पी० राणा
(4) डॉ० उषा साहनी
(5) डॉ० ममता सागर
(6) डॉ० राकेश कुमार
(7) डॉ० गीता चौधरी
(8) डॉ० विकास कुमार
(9) डॉ० पारुल मलिक
(10) डॉ० वैभव शर्मा
(11) डॉ० अमित कुमार

अभिभावक
1. श्री देवेन्द्र मित्तल देवेन्द्र मित्तल
2. श्री प्रदीप वार्ष्णेय
3. श्रीमति मित्तल

→ पुरातन छात्राएं :
(1) अनुराधा Anuradha
(2) मानसी यादव
(3) संजू यादव Sanju Mansi
(4) मोनिका कश्यप monika (5) सारिका

→ वर्तमान छात्राएं (1) लायबा, बी०एससी० III Laiba
(2) अंकिता गुप्ता " Ankita gupta

## बैठक की कार्यवाही :

1. बैठक में उपस्थित वाह्य सदस्य डा० वीरपाल, प्रो० भौतिक विज्ञान विभाग एवं चीफ प्रोक्टर, सी०सी०एस० यूनि० मेरठ, ने महाविद्यालय में पंजीकृत शोधार्थियों को Plagiarism चैक करने हेतु विश्वविद्यालय में उपलब्ध इस सुविधा को प्रयोग करने का सुझाव एवं आश्वासन दिया। एक अन्य महत्वपूर्ण विचार साझा करते हुए प्रो० सिंह ने कहा कि प्रत्येक कोर्स के उद्देश्य objectives एवं Reading outcome को छात्राओं के साथ विचार विमर्श कर उनको कक्षा में विस्तार से बताया जाए ताकि वो उसका लाभ अपने कैरियर के दिशा-~~निर्धारण में कर~~ निर्धारण में कर सकें।
2. बैठक में प्रस्तुत रिपोर्ट सुनने के बाद प्रो० वीर पाल सिंह ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए महाविद्यालय को बधाई देते हुए कहा कि महाविद्यालय ना केवल शिक्षण बल्कि शिक्षणेतर गतिविधियों को भी भलीभांति संचालित कर रहा है।
3. श्री कुलदीप शर्मा, चेयरमैन, रॉयल स्टडु इण्डिया, मेरठ एवं सामाजिक कार्यकर्ता ने छात्राओं को Industrial विजिट के लिए आमंत्रित किया।
4. श्री प्रितीश कुमार सिंह ने महाविद्यालय को व्याख्यान/सेमिनार/वर्कशॉप इत्यादि के आयोजन हेतु वित्तीय एवं अन्य सुविधा प्रदान कराने का आश्वासन दिया। छात्राओं को खेल-कूद की सुविधा हेतु stadium एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अधिकारियों एवं राजनीतिक नेतृत्व के साथ ताल-मेल बैठा कर पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया।

5. उच्च शिक्षा अधिकारी, डॉ० राजीव गुप्ता ने महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ० संध्या रानी को महाविद्यालय के विकास एवं प्रगति हेतु किये जा रहे उल्लेखनीय कार्यों हेतु सराहना की एवं उन्हें बधाई देते हुए कहा कि आपके निर्देशन मे छात्राएं अच्छी शिक्षा प्राप्त कर परिवार, समाज एवं राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का निर्वहन करेंगी।

6. महाविद्यालय प्राध्यापकों द्वारा यह विचार भी साझा किया गया कि कुछ विषयों मे महाविद्यालय द्वारा संचालित विषयों मे वैकल्पिक प्रश्न पत्रों के स्थान पर यदि विस्तृत एवं subjective प्रश्नपत्र कराए जाएं तो वह छात्राओं के लिए अधिक उपयोगी होगा।

7. इसी श्रृंखला मे वैचारिक मंच 'मंथन' मे आए एक सुझाव जिसमे स्नातकोत्तर छात्राओं नेट / जे० आर० एफ० की तैयारी एवं निर्देशन हेतु महाविद्यालय के शोधार्थियों द्वारा आगामी सत्र से शिक्षण की जिम्मेदारी दी जाएगी को भी साझा किया गया।

8. पुरातन छात्राओं ने महाविद्यालय की प्रगति एवं विकास देखकर प्रसन्नता व्यक्त की एवं प्राध्यापकों द्वारा दिये गए मार्गदर्शन हेतु आभार व्यक्त किया।

9. अभिभावक के रूप मे पधारे श्री ने महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० संध्या रानी को उल्लेखनीय कार्यों एवं महत्वपूर्ण निर्देशन हेतु आभार व्यक्त करते हुए उन्हें एक प्रतीक चिह्न भेंट किया।

10 महाविद्यालय प्राचार्य डॉ संध्या रानी ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि प्राध्यापक न केवल छात्रों को शिक्षित कर रहे हैं बल्कि उनमें पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सरोकारों, राष्ट्रीय मूल्य एवं वैश्विक मूल्यों का भी संचरण कर उन्हें उनके दायित्वों के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

IQAC-समन्वयक

प्राचार्य

III<sup>rd</sup> meeting

आई० क्यू० ए०सी०-आख्या : 14/5/20

Period : Feb-April 2020

महाविद्यालय में दिनांक 1 फरवरी 2020 से अप्रैल 2020 तक आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का विवरण –

1. 5-2-20 को समाजशास्त्र विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें डॉ० वाई० पी० सिंह, एसो० प्रोफे०-समाजशास्त्र, चौ० चरण सिंह विश्व० मेरठ ने मुख्य वक्ता के रूप में भारतविद्याशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

2. 7/2/20 को अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य वक्ता डॉ० मीनाक्षी अग्रवाल, एसो० प्रो० अंग्रेजी विभाग एस० जे० जी० डी० कॉलेज सरधना मेरठ रही।

3. दिनांक 14 फरवरी 2020 को महाविद्यालय ने शोभित विश्व० मेरठ एवं भौतिक विज्ञान विभाग, चौ० चरणसिंह विश्व० मेरठ के साथ M.O.U पर हस्ताक्षर किए, जो कि महाविद्यालय विकास एवं छात्रा-हित में एक महत्वपूर्ण कदम है।

4. 7.1.4 दिनांक 14 फरवरी 2020 को ड्रॉ० एंड० विभाग से छात्राओं हेतु एक शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया, जिसमें छात्राओं ने

प्राचार्य एवं बी० एड० विभाग के शिक्षकों के निर्देशन में ऐतिहासिक नगरी हस्तिनापुर के बारे में जानकारी प्राप्त की।

5. दिनांक २० फरवरी को हिन्दी विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों - नुक्कड़ नाटक, कविता, गीत, कहानी, भाषण इत्यादि के माध्यम से छात्राओं ने मातृभाषा के गौरव एवं महत्व का प्रदर्शन किया।

6. 7.1.4 २५ फरवरी को वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में छात्राओं हेतु उद्योग भ्रमण (Industrial visit) के आयोजन के अन्तर्गत प्राचार्य एवं वाणिज्य विभाग के शिक्षकों के निर्देशन में उद्योगपुरम का भ्रमण किया।

7. 1 मार्च 2020, को महाविद्यालय में विभागीय एवं महाविद्यालयीय पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसके अन्तर्गत महाविद्यालय में विभिन्न संकायों में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजयी रही छात्राओं को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया।

8. 8 मार्च को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने स्लोगन एवं रोल प्लेइंग प्रतियोगिताओं के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया।

7.1.1
7.1.6

9. 13 मार्च को social Distancing के सम्बन्ध में 'नमस्ते' एवं अन्य उपायों के माध्यम से छात्राओं को जागरूक किया।

10 महाविद्यालय में दिनांक 22-2-20 से स्नातक स्तर की वार्षिक परीक्षाएं कराई जा रही थी जो कोविड-19 महामारी के चलते स्थगित कर दी गई।

11 कोविड-19 के संकट के चलते सरकार द्वारा लॉक-डाउन की घोषणा के कारण महाविद्यालय भी दिनांक 19-3-20 को बंद कर दिया गया।

12. लॉकडाउन की समयावधि में प्राध्यापकों द्वारा ऑनलाइन कक्षाएं संचालित कर परास्नातक के पाठ्यक्रम को पूर्ण कराया गया।

13. इसके अतिरिक्त कोरोना महामारी के सम्बन्ध में जागरूकता फैलाने की दिशा में महाविद्यालय प्रमुख भूमिका निभा रहा है। रेंजर्स प्रभारी डॉ० अनुजा गर्ग, एन०सी०सी० प्रभारी-डॉ० लता कुमार, एन० एस०एस० प्रभारी डॉ० स्वर्णलता कदम एवं मन्जू रानी के द्वारा प्राचार्य के निर्देशन में विभिन्न माध्यमों जैसे व्हाट्सअप, फेसबुक इत्यादि पर छात्राओं को स्वयं को, परिवार एवं समाज को बचाने के सम्बन्ध में वृहद स्तर पर जागरूकता

अभियान चलाया गया जिसके अन्तर्गत 35 अपील प्रिंट मीडिया एवं 1276 अपील सोशल मीडिया पर प्रकाशित हुई।

14. इसी जागरूकता अभियान एवं प्रशासन दिशा-निर्देशों के अनुपालन में 1410 व्यक्तियों को आरोग्य सेतु एप डाउनलोड कराया गया। छात्राओं ने मास्क बनाकर वितरित किए।

15. कोरोना संकट के चलते परीक्षाएं एवं कक्षा स्थगित होने के कारण छात्राओं में तनाव प्रबन्धन हेतु यू० जी० सी० के निर्देशानुसार मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्रा कल्याण समिति का गठन किया गया। तनाव प्रबन्धन हेतु समिति द्वारा दिनांक 7.5-2020 को एक वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें डा० प्रभा नागर ने प्रश्न पर छात्राओं को तनाव मुक्त रहने के उपायों पर चर्चा की।

16. Lock-Down की अवधि में सभी संकायों के शिक्षकों द्वारा विभिन्न वेबिनारों एवं FDP में ऑनलाइन प्रतिभाग किया गया।

17. महाविद्यालय में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अन्तर्गत डा० अनीता गोस्वामी के नेतृत्व में EBSB क्लब का गठन किया गया। क्लब के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

18. इसी श्रृंखला में क्रान्तिदिवस के अवसर पर (10 मई 2020) एक वेबिनार का आयोजन किया गया, जिसमें, डा० विघ्नेश त्यागी प्रो० इतिहास विभाग, चौ० चरणसिंह विश्व० ने 1857 की क्रान्ति में मेरठ की गौरवमयी भूमिका पर प्रकाश डाला।

19. महाविद्यालय के शिक्षक डा० ममता सागर, डा० सत्यपाल राणा, डा० स्वर्णलता कदम एवं डा० राधा रानी को 'समाज विकास संस्थान', मेरठ द्वारा डा० सर्वपल्लीराधाकृष्णन शिक्षक अवार्ड मिला।

20 शिक्षकों द्वारा E-contents बनाए गये एवं उन्हें सूचीबद्ध कर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार को E-mail किया गया।

21 Craftbee Learning द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय चित्रकारों की प्रदर्शनी (ऑनलाइन) में डा० रंजन कुमार, एसो० प्रोफे० कला के चित्र प्रदर्शित किए गए।

22 महाविद्यालय के 05 शिक्षकों द्वारा किताबों में विभिन्न विषयों से सम्बन्धित अध्याय प्रकाशित हुए।

## बैठक की कार्यवाही : III meeting

1. उच्च शिक्षा अधिकारी, उच्च शिक्षा मेरठ, डॉ० राजीव गुप्ता ने शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि इस वैश्विक महामारी के कठिन समय मे शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है कैसे उत्पन्न चुनौतियों को अवसरों मे बदला जाए एवं बदले परिदृश्य के अनुसार पाठन को ढाला जाए। अतः शिक्षक ऑनलाइन टीचिंग एवं लर्निंग के अनुरूप रणनीति तैयार

2. डा० वीरपाल सिंह, प्रोफेसर-भौतिक विज्ञान, चौधरी चरणसिंह, मेरठ ने महाविद्यालय शिक्षकों द्वारा सञ्चालित की जा रही ऑनलाइन कक्षाओं एवं लॉकडाउन के समय मे भी ऑनलाइन कार्यक्रमों हेतु प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकों बधाई दी।

3. श्री पियूष कुमार, पूर्व चेयरमैन रोटरी क्लब, मेरठ ने कोरोना महामारी से बचाव हेतु किए जा रहे जागरूकता अभियान, मास्क बनाने एवं वितरण करने, आरोग्य सेतु डाउनलोड कराने सम्बन्धी प्रयासों की सराहना की। इसी के साथ उन्होंने कहा कि जो छात्राएं मास्क बनारही है उन्हें वे कपड़ा एवं अन्य सामग्री उपलब्ध कराऐंगे।

4. वाह्य सदस्य के रूप मे पधारे डा० कुलदीप सिंह उद्योगपति, रबड़ उद्योग लि० ने भी इस सन्दर्भ मे सहयोग करने का आश्वासन दिया।

5. अभिभावक के रूप में वर्चुअल मंच से जुड़े श्री प्रदीप वार्ष्णेय ने लॉकडाउन के समय में शिक्षकों द्वारा संचालित की जा रही ऑनलाइन कक्षाओं एवं अन्य प्रयासों हेतु प्रशंसा व्यक्त की।

6. वर्चुअल मीटिंग में उपस्थित पुरातन छात्राओं ने छात्राओं एवं शिक्षा के विकास हेतु शिक्षकों द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

7. वर्तमान छात्रा कु० रीतू सिंह ने ऑनलाइन टीचिंग एवं लर्निंग हेतु छात्राओं द्वारा ~~[illegible]~~ सामना की जा रही चुनौतियों-जैसे तकनीकी अभाव, परीक्षा सम्बन्धी तनाव को साझा कर उसे दूर करने की माँग रखी।

8. इस सम्बन्ध में आई० क्यू० ए० सी० समन्वयक डा० दिनेश चन्द्र ने छात्राओं को उनकी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

9. महाविद्यालय प्राचार्य डा० संध्या रानी ने शिक्षकों एवं छात्राओं को संकट के इस काल से निकलने हेतु सकारात्मक दृष्टिकोण एवं सक्रिय योगदान हेतु प्रेरित किया साथ ही महामारी से बचाव हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं कार्यों हेतु शिक्षकों एवं छात्राओं को बधाई दी।

आई० क्यू० ए० सी० समन्वयक

प्राचार्य